**खबर संक्षेप**

## सुधा गौतम इंद्रा जी वार्ड से पार्षद नियुक्त



**मण्डला।** मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश पर राज्य शासन द्वारा नगर पालिका परिषद में वर्तमान परिषद से सह विस्तारी कार्यकाल या राज्य शासन के अन्य आदेश तक जो भी पहले हो तक के लिए पार्षदों को नियुक्त किया है। मंडला नगर पालिका क्षेत्र में पार्षद पद के लिए 6 नियुक्तियां की गई हैं। इसी कड़ी में इंद्रा जी वार्ड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति सुधा गौतम को वार्ड क्रमांक 02 इंद्रा जी वार्ड से पार्षद नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति सम्पतियां उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता विनय मिश्रा, रोचीराम गुरूवानी, जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भावना साहू, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, रामप्यारे कुलस्ते, पंडित सिंह धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं नवनियुक्त पार्षद श्रीमति सुधा गौतम ने बताया कि वे इस वार्ड से पूर्व में चुनाव भी लड़ चुकी है साथ ही लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हुई हैं सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ भाजपा के तमाम धरना प्रदर्शन आंदोलन और बैठकों में वे समय समय पर उपस्थित होती रही है उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

## स्थानीय कलाकारों में नाराजगी, नहीं मिलता लाभ न ही सम्मान

# औपचारिकता एवं रस्म अदायगी बना रजा महोत्सव

*** विरासत की मजबूरी में फंसा रजा फाउंडेशन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






मशहूर चित्रकार स्व. सैयद हैदर रजा की दसवीं पुण्य तिथि पर उन्हें कलाप्रेमी श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे हमारे लिये यह गर्व की बात है कि सैयद रजा इस जमीं पर पैदा हुये उनकी कला को जहां पूरी दुनिया ने जाना, पहचाना और उन्हें बेतहाशा प्यार दिया तो वहीं मण्डला के लोगों ने भी अपने इस लाल को सरआंखों पर बैठाया। उन्हें आज भी सम्मान दे रहे हैं। डॉ. रजा की अंतिम इच्छा थी कि उन्हें उनकी जन्म भूमि में अपने पिता की कब्र के बगल में दफनाया जाये और शायद डॉ. रजा की यही इच्छा रजा फाउंडेशन के लिये मजबूरी बनकर रह गई है।

डॉ. रजा की वसीयत के आधार पर फाउंडेशन को उनकी जयंती एवं पुण्य तिथि पर मण्डला में कार्यक्रम आयोजित करना पड़ते हैं लेकिन अब ये आयोजन सिर्फ औपचारिकता नजर आ रहे हैं प्रारंभ के वर्षो में स्थानीय लोगों ने, स्थानीय कलाकारों ने और स्थानीय मीडिया ने जिस तरह फाउंडेशन का सहयोग किया वह अब नजर नहीं आता।

वर्ष में दोनों बार जो कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं उनमें एक समानता नजर आती है प्रत्येक वर्ष वही गमले और छतरी में चित्रकारी, वही एक मिट्टी के शिल्पी के द्वारा मिट्टी को आकार देने का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है फिर साहित्य जगत के कुछ लोगों को भारी भरकम मानदेय देकर यहां बुलाया जाता है और महंगे-महंगे हॉटलों में उनके कार्यक्रम कराये जाते हैं उनके आने-जाने एवं रहने पर लाखों रूपये खर्च किये जाते हैं। स्थानीय कलाकारों का कहना है कि हमें कभी न तो कोई मानदेय मिलता और न ही कोई प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ ही प्राप्त होता है जबकि बाहर के कलाकारों को सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। रजा फाउंडेशन द्वारा कभी भी यह सार्वजनिक नहीं किया गया कि इस तरह के आयोजन में फाउंडेशन का कितना पैसा खर्च किया जाता है क्या यह पैसा सभी की सहमति से खर्च हो रहा है या फिर कुछ एक लोगों की मर्जी चल रही है।

यहां जो हर वर्ष लाखों रूपये फाउंडेशन के खर्च किये जा रहे हैं उससे कितने स्थानीय कलाकारों को फायदा पहुंच रहा है या फिर पहुंचा है क्या फाउंडेशन कभी इस पर भी कोई स्पष्टीकरण देगा या चर्चा करेगा।

डॉ. रजा हमारी माटी के लाल थे और हमारे लिये हमेंशा एक उच्च श्रेणी के कलाकार ही रहेंगे वे कलाकार के साथ-साथ अपनी मातृभूमि के प्रति सच्ची निष्ठा एवं सम्मान रखते रहे हैं और यही कारण है कि अपने जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने इसी माटी को चुना। उन्होंने अपने जीवन में बड़ी मेहनत और अपनी कला के माध्यम से जो धन राशि एकत्रित की जिसका आज उपयोग यह फाउंडेशन कर रहा है इस पर स्थानीय लोगों को यह तो जानने का हक है कि फाउंडेशन कहां पर और किस उद्देश्य से खर्च करता है ऐसा लगता है जैसे 2-4 लोग ही डॉ. रजा की विरासत को संभाले हुये हैं। गतिविधियों से संबंधित स्पष्टीकरण न देना यही प्रगट करता है।

अब तो स्थानीय कलाकार खुलकर इनके विरूद्ध मोर्चा खोले हुये हैं गौंड़ी चित्रकारी के कलाकारों ने इनके विरूद्ध धोखाधड़ी का आरोप लगाया है जिस तरह ये अपने कार्यक्रम में फर्जी गौंड़ी चित्रकारी का प्रचार-प्रसार करते हैं वह नियम विरूद्ध है इनके विरूद्ध धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये स्थानीय कलाकारों ने ऐसे आयोजनों को अवैधानिक बताया और कार्यवाही की मांग की है। इस तरह के विरोधाभास से न केवल डॉ. रजा का नाम प्रभावित हो रहा है बल्कि इनके चाहने वालों को तकलीफ भी पहुंच रही है अच्छा होगा कि फाउंडेशन इस दिशा में अपना स्पष्टीकरण दे ताकि स्थानीय कलाकारों का हित भी न मारा जाये और साथ ही फाउंडेशन की प्रतिष्ठा भी कायम रह सके।



आदिवासी कला एवं संस्कृति केन्द्र

म.प्र. के आदिवासी कलाकारों की संस्था

अध्यक्ष
आनंद कुमार श्याम

प.क्र. 5253/97
दिनांक 18/7/2026

प्रति,
श्रीमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष महोदय
जिला मण्डला (म.प्र.)

विषय:- जिला मण्डला में रज़ा फाउण्डेशन द्वारा गौंड चित्रकला के नाम से फर्जी चित्रकारों की प्रदर्शनी पर तुरन्त रोक लगाने बाबत्।

महोदय,

मुझे ज्ञात हुआ है कि रज़ा फाउण्डेशन द्वारा 13 फर्जी कलाकारों द्वारा 18 से 23 फरवरी तक रज़ा कला वीथिका मण्डला में गौंड चित्रकला शैली के नाम से प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। जो चित्रकार उस प्रदर्शनी में सम्मिलित हैं वह जी.आई. टैग प्राप्त चित्रकार नहीं है। जब कि भारत सरकार ने डिण्डौरी एवं मण्डला में गौंड चित्रकला को जी.आई. टैग दिया हुआ है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि इस चित्रकला प्रदर्शनी पर तुरन्त रोक लगाने की कृपा करें। ज्ञात हो कि गौंड चित्रकला के नाम से वही चित्रकार प्रदर्शनी लगा सकते हैं जिन्हें जी.आई. टैग प्राप्त है।

संलग्न- आनंद कुमार श्याम का जी.आई. टैग प्रमाण पत्र भारत सरकार

भवदीय
आनंद कुमार श्याम 18/7/26
अध्यक्ष

## भारत ज्योति विद्यालय मंडला में हुआ अलंकरण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय, भारत ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालीपुर मंडला में अलंकरण समारोह (इन्वेस्टीचर सेरेमनी/शपथ ग्रहण समारोह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीयूष कुमार मिश्रा एसडीओपी मंडला तथा विशिष्ट अतिथि शफीक खान नगर निरीक्षक मंडला एवं सूबेदार योगेश सिंह राजपूत रहे।

इस अवसर पर सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय के नवनियुक्त स्कूल कैप्टन, वाइस कैप्टन, हाउस कैप्टन एवं वाइस हाउस कैप्टन को विद्यालय के प्राचार्य फादर सिबी जोसफ एवं मुख्य अतिथि पीयूष कुमार मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि शफीक खान एवं योगेश सिंह राजपूत के द्वारा उन्हें पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाकर बैच एवं फ्लैग प्रदान किए गए।

स्कूल कैप्टन - प्रिंस पटेल, शिवानी सैयाम, डिसिप्लिन कैप्टन - श्रीओम झरिया, स्पोर्ट्स कैप्टन - स्वप्निल तिवारी, कल्चरल कैप्टन - अंशिका पाण्डेय, स्कूल वाइस कैप्टन-वेदिका बैरागी, अयान हुसैन, अदिति पटेल, गौरवी तिवारी, सक्षम पटेल तथा विद्यालय हाउस कैप्टन- रोमियो लाहोरी, प्रथम पटेल, सपना तिर्की, प्रियंका उसराठे तथा हाउस वाइस कैप्टन- अल्फिया खान, वंशिका भवेदी, तनिष्क तिवारी, आयुष गौरे नियुक्त किए गए।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने एवं कठिन परिश्रम के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की बात कही तथा अपने स्कूल के दिनों को याद किया। मुख्य अतिथि महोदय का उद्बोधन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी रहा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सूबेदार योगेश सिंह राजपूत ने मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को शपथ दिलाई।

विद्यालय के प्राचार्य ने छात्र परिषद की सराहना करते हुए उन्हें उनके पद की ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ निष्पक्ष रहते हुए अपने दायित्वों को निर्वहन करने की सीख दी। उन्होंने उनसे मूल्यों को कायम रखने का आवाहन किया तथा याद दिलाया कि अपने साथ-साथ स्कूल एवं अपने साथियों के प्रति भी उनकी जिम्मेदारी आती है।



## संस्कार बावरिया बिछिया के अनुविभागीय अधिकारी बनाए गए



**भुआबिछिया।** जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के तहत डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया को मंडला जिले के बिछिया अनुविभाग का नया अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की है। संस्कार बावरिया इससे पूर्व बिछिया नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी रह चुके हैं वहीं विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। प्रशासनिक कार्यों में उनकी कार्यशैली, अनुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की क्षमता को देखते हुए बिछिया जैसे महत्वपूर्ण अनुविभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में राजस्व, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों में गति आएगी।



**मण्डला।** *बड़े इंतजार के बाद कल छोटे रपटा पुल के ऊपर से माँ नर्मदा का जल प्रवाहित हुआ इस दृश्य को देखने बड़ी संख्या में नगरवासी रपटा पुल पहुंचे।*

## नारायणगंज क्षेत्र के स्कूलों में नशे से है दूरी जरूरी अभियान चलाया जा रहा है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

पुलिस मुख्यालय द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 22.07.2026 को पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी जिला मंडला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीओपी निवास पीएल बालरे के मार्गदर्शन में थाना टिकरिया थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पांडेय द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में हितकारिणी विद्या मंदिर हाई स्कूल नारायणगंज, नवीन शासकीय हाई स्कूल सुखराम, एवं शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला बनार के छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया गया,पंपलेट वितरण कर शपथ दिलाई गई, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में बताया गया है अभियान में थाना टिकरिया से प्रधान आरक्षक भैया लाल, आरक्षक प्रकाश जांघेला एवं शासकीय स्कूल के शिक्षकों की उपस्थिति रही।

**निरीक्षण**

## सीएचसी में लापरवाही पर दो को नोटिस, व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश।

# एसडीएम कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

*** कलेक्टर ने किया घुघरी क्षेत्र का भ्रमण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने बुधवार को घुघरी एसडीएम कार्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कलेक्टर श्री धोटे ने एसडीएम कार्यालय में न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभिन्न लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित मामलों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यालयीन व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण को लेकर भी निर्देशित किया।



इसके पश्चात कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. नीलेश झा द्वारा बताया गया कि बुधवार को ओपीडी में 84 मरीजों का उपचार किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी भवन का निर्माण कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण होने एवं हैंडओवर में विलंब पाए जाने पर कलेक्टर ने डीएचएस से इंजीनियर श्री राजेश डोंगरे को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा विलंब के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा।

कलेक्टर ने अस्पताल के स्टोर का निरीक्षण किया। रिकॉर्ड में दर्ज दवाइयों एवं वास्तविक उपलब्ध दवाइयों में अंतर पाए जाने पर स्टोर प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने दवा भंडारण एवं अभिलेखों का नियमित संधारण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्री धोटे ने अस्पताल परिसर एवं विशेष रूप से मातृत्व वार्ड में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड नियमित रूप से बनाए जाने पर जोर देते हुए एसडीएम श्री सचिन जैन को समय-समय पर निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## 2.048 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बिछिया पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 2.048 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बिछिया सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में दिनांक 21 जुलाई 2026 को थाना बिछिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छपरतला में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा छिपाकर रखा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर सदन साहू पिता हल्के साहू, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम छपरतला को हिरासत में लिया।

वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के घर के सामने बने स्टोर रूम की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक बैग में रखा 2.048 किलोग्राम अवैध गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,00,000/- है, बरामद किया गया। आरोपी से गांजा रखने संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

बरामदगी के आधार पर थाना बिछिया में अंतर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है, जिसके संबंध में विस्तृत विवेचना जारी है।

मंडला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त संदेश है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी नशे के अवैध कारोबार की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। जिले में नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार प्रभावी एवं सतत रूप से जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बोदरी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह गांव के शंकर मंदिर के पास बैठा हुआ था उसी समय महेश जाटव व हक्कम तथा बुद्दा धानक आये और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से माँ सहित पुत्र घायल

**गाडरवारा।** नगर के अंदर तेज व बेलगाम गति से बाइक दौड़ाने वालों पर अंकुश नही लगने का परिणाम है कि जहां उनके हौसल बुलंद होते चले जा रहे है और आम लोगों का सड़को पर निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों नगर के जगदीश वार्ड में देखने मिली है। बताया जाता है कि यहां की निवासी एक महिला अपने मासूम बेटे के साथ मंदिर पूजा करने के बाद घर वापिस आ रहे थें उसी दौरान मोटर साईकिल क्रमांक MP49 ZB9623 के चालक द्वारा अपनी बाइक को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये माँ बेटे को टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घर पर टीन लगाने की बात को लेकर भाई ने अपनी बहिन से की मारपीट

**गाडरवारा।** जमीन व सपत्ति का लोभ इस तरह होता है कि लोग अपने रिस्तों को भूल जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिहोरा मे देखने मिली है जहां पर घर पर टीन लगाने के बात को लेकर भाई ने अपनी बहिन के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में प्रार्थिया द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के बाजू में मेरे भाई प्रदीप मिर्धा का घर है मैने अपने घर के उपर टीन छाने के लिये लोहे के एंगल लगवा रही थी तभी भाई आकर बोला कि एंगल बढाकर क्यों लगवा रही हो और इसी बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। प्रार्थिया द्वारा गाली देने से मना किया तो भाई द्वारा मारपीट करना शुरू कर दिया गया।

### बुलेरो की टक्कर से घायल

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिना ग्राम अर्जुनगांव खिरिया निवासी सुनीता पति धनराज रजक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह अपने पति के साथ मोटर साईकिल पर बैठकर कही जा रही थी उसी दौरान पीछे से आ रही एक सफेंद रंग की बुलेरों क्रमाँक MP05/ZK-1098 के चालक ने अपनी गाडी को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया व हमारी मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिसके चलते प्रार्थिया सहित उसके पति को चोटे अपने पर पुलिस द्वारा आरोपी बुलेरो चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

---

#### गाडरवारा पुलिस की कार्यवाही से सांईखेड़ा क्षेत्र में चल रहे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सच्चाई हुई उजागर...

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत टीआई चौहान की टीम के हाथ लगी बड़ी सफलता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान सहित जिला पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना के निर्देषन में चलाये जा रहे OPERATION EAGLE CLAW के तहत तहत गाडरवारा टीआई अशोक सिंह चौहान द्वारा जिस तरह मादक पदार्थो के अवैध कारोबार को लेकर कार्यवाही करते हुये जिस तरह सफलताये हासिल की जा रही है वह निश्चित तौर से जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले को मादक पदार्थो के अवैध कारोबार से मुक्त करने की सोच को चार चांद लगाने कोई कसर नही छोड़ रहे है। इसी के चलते बीते हुये दिवस टीआई चौहान की टीम द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ चलाई जा रहे OPERATION EAGLE CLAW के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुये सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के दो युवकों के पास से सात लाख रूपया कीमत से अधिक का स्मैक पावड़र जप्त करने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस सफलता का खुलासा करते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के निर्देषन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर के नेतृत्व में की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक अशोक चौहान की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर पकड़ते हुये जब जब उनसे पूछताछ की गई तो युवकों द्वारा अपना नाम नरेश रजक पिता मुन्नालाल रजक, उम्र 35



वर्ष, निवासी ग्राम धनौरा तथा दूसरे ने अपना नाम पुरुषोत्तम राजपूत पिता गनेश सिंह राजपूत उम्र 39 वर्ष, निवासी ग्राम खमरिया दोनों थाना क्षेत्र सांईखेड़ा निवासी बताये जाते है। वही पुलिस द्वारा जब इन युवकों की तलाशी ली गई तो उनके पास से पुलिस को 72 ग्राम स्मैक पावडर जिसकी अनुमानित कीमत 7 लाख 20 हजार रूपया सहित दो मोबाईल फोन जप्त किये गये है। इस कार्यवाही के लिये टीआई अशोक चौहान की टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक राम गोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, महेन्द्र बावरिया, विश्वजीत ठाकुर, आरक्षक दिनेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, यश मेहरा, आदर्श पाठक, देवेन्द्र सोनवंशी एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक द्वारा आरोपियों के पास से मादक पदार्थ स्मैक पावडर जप्त करते हुये गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर



लिया गया है। वही पुलिस द्वारा इन आरोपियों के माध्यम से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार यह माल यहां किसको विक्रय करने के लिये लेकर आये हुये थें और कहा से प्राप्त किया गया था। अनुमान है कि शीघ्र ही टीआई अशोक चौहान की टीम मुख्य आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल कर सकती है। गाडरवारा पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाई जा रही मुहिम के चलते हासिल की गई बड़ी सफलता ने निश्चित तौर से सांईखेड़ा थाना क्षेत्र में चल रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार के साथ साथ सांईखेड़ा पुलिस की उदासीनता को पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि पकड़े गये दोनों आरोपी सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के निवासी है और उनके पास से गाडरवारा पुलिस द्वारा जिस मात्रा में स्मैक पावडर जप्त किया गया है। इस सच्चाई से यह बात तो अपने





आप ही उजागर होने से नही चूक रही है कि जब आरोपी इतनी अधिक मात्रा में मादक पदार्थ रखे हुये है तो आरोपी इस अवैध कारोबार से लम्बे समय से जुडे होने के साथ साथ माहिर हो चुके होगे..? क्योंकि यह आरोपी गाडरवारा थाना क्षेत्र तक मादक पदार्थो की विक्री के लिये पहुंच रहे है तो अपने थाना क्षेत्र में किस तरह की दुकानदारी कर रहे होगे इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है..? वही दूसरी ओर आम जन का आरोप है कि सांईखेड़ा पुलिस की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली कही जावे या फिर लक्ष्मी पूजन के चलते संरक्षण का परिणाम के चलते इस तरह नशे के कारोबारी अपने क्षेत्र के साथ साथ दूसरे क्षेत्र में भी इस अवैध कारोबार को बढ़ाने के प्रयास करने से नही चूक रहे है..? निश्चित तौर से मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के जिये जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा संजोये गये सपने को सफल बनाने के लिये टीआई चौहान की



टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये सांईखेड़ा क्षेत्र में चल रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार व वहां की पुलिस की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..?इस तरह नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी को लेकर पुलिस का कहना है कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित बनाने का जनआंदोलन है। युवाओं का भविष्य बचाने के लिए नरसिंहपुर पुलिस जागरूकता और सख्त कानूनी कार्रवाई—दोनों मोर्चों पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन के लिए प्रेरित करता है, तो उसकी सूचना तत्काल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 7701052700 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

---

## सालीचौका की सड़कों ने धारण किया नाले का रूप

### स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को घुटनो भर कीचड़ के बीच से निकलने होना पड़ रहा है मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर नगर विकास को लेकर सरकार द्वारा मनमानी राशि खर्च करने के बाद भी गांवो से लेकर नगरों व कस्बो की सूरत बदलने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर आये दिन नेताओं द्वारा टेन्ट लगाते हुये विकास के बादे किये जाते है। मगर उन वादों की पोल जरा सी बारिश होते हुये खुलने से नही चूक पाती है। इस बात की सच्चाई इस समय नगर सालीचौका का बसुरिया मार्ग हो या फिर वार्ड क्रमांक 14 की सड़के जहां बीते हुये तीन दिनों से लगतार हो रही वारिश के चलते सड़को ने पूर्ण रूप से नाले का रूप धारण किये जाने के कारण स्कूली बच्चों सहित आम जना को आने जाने के लिये गंदे पानी के बीच से निकले के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। सही मायने में देखा जावे तो इस समय नगर सालीचौका की सड़के मौत का कुंआ बनने जैसी प्रतीत होने से नही चूक पा रही है। क्योंकि सड़को के बीच बीच गड्डे होने के दौरान जब वह पानी से भरी होती है तो छोटे वाहन चालक गिरने से नही चूकते है। वही दूसरी ओर नगर के वार्ड क्रमांक 14



का हाल तो यह बना हुआ है कि जहां पर स्कूली बच्चों को इस गंदी पानी के बीच से निकलने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। नगर परिषद सालीचौका के वार्ड नंबर 14 बाबई खुर्द का है जहां पर लगभग 4 गांव के लोग ग्राम सहाबन, नगर परिषद मैं जुड़ा केशला , अर्जुनगांव, खिरिया, वार्ड क्रमांक 15 के लोगों का भी यही से आन जाना होता है। वही दूसरी ओर सभी स्कूलों की बसे तथा अन्य स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से गंदगी के बीच से निकलते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर पानी के बीच विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर भी स्थापित होने के चलते करेन्ट फैलने की संभावना पैदा होने से भी नही चूक पा रही है। इस तरह नगर परिषद द्वारा जल निकासी के उचित प्रबंध नही किये जाने का परिणाम है कि लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है। इस संबंध में वार्ड पार्षद द्वारा नगर पालिका के अधिकारियों को वारिश के पूर्व अवगत कराये जाने के बाद भी उचित कार्यवाही नही होने का परिणाम आमजन को भोगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस तरह सड़क ने नाली का रूप धारण किये जाने के चलते जहां लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना तो करना ही पड़ रहा है। वही गंदे पानी के बीच मच्छर सहित गंदगी फैलने के कारण सरकार के स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है।

## राहुल गांधी की गिरप्तारी पर गिरते हुये पानी में कांग्रेस द्वारा एसडीएम कार्यालय के सामने धरना देकर किया विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** छात्रों के भविष्य से हो रही खिलबाड़ व नीट पेपर लीक होने की बात को लेकर जहां शिक्षित युवाओं द्वारा केन्द्र सरकार का विरोध करते हुये केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के त्याग पत्र की मांग करते हुये देश की राजधानी दिल्ली जंतर मंतर पर किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों के ऊपर हुये लाठी चार्ज से अब सरकार के विरोध की चिंगारी पूरे देश में उठाते हुये दिखाई देने लगी है।

वही दूसरी ओर बीते हुये मंगलवार की शाम कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलने गई और उनके साथ सरकार द्वारा उठाये गये कदम का विरोध प्रदर्शन में अपना समर्थन देने की बात को लेकर पुलिस द्वारा दोनों राष्ट्रीय नेताओं को गिरप्तार करने की खबर जब चेनलों के माध्यम से कांग्रेस नेताओं को मिली तो जहां तहां विरोध प्रदर्शन होने से नही चूका है। इस तरह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटैल ने नेतृत्व में कांग्रेस की युवा नेता डा. मोना कौरव, मनीष राय, रविशेखर जायसवाल, सुरेन्द्र पटैल मझले भैया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एच व्ही रफीख खान नगर कांग्रेस अध्यक्ष सतीश सैनी, चीचली अध्यक्ष सहित अवधेष रूसिया, मनीष कौरव, बसंत तपा, बंटू गुप्ता, राजीव दुबे सहित दर्जनों कांग्रेस नेताओं द्वारा देर शाम गिरते हुये पानी के बीच एसडीएम कार्यालय के समाने धरना देते हुये अपना



विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया गया था। इस तरह अचानक निर्मित हुई स्थिति के चलते भारी पुलिस बल तैनात हो चुका था। वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटैल का कहना था कि केन्द्र की भाजपा सरकार पूर्ण रूप से तानाशाही रवैया अपना रही है। आमजन का स्वतंत्रता का अधिकारी छीन लिया गया है। यदि कोई अपनी बात रखना चाहता है। सरकार द्वारा की जा रही मनमानी का विरोध करता है तो उसे पुलिस से पिटवा दिया जाता है या फिर जेल में डालते हुये परतंत्रता का परिचय देने से नही चूक रही है..? जिस तरह देश के भविष्य बच्चों के साथ मारपीट कराई गई इससे संपूर्ण देशवासी सरकार का विरोध करते हुये शिक्षा मंत्री का स्तीफा मांग रहे है। मगर सरकार उन्हें बचाने का प्रयास कर रही है। इस तरह लगभग लगातार हो रही बारिश के बीच कांग्रेस नेताओं द्वारा अपना विरोध प्रदर्शन किया गया।

## शासन की योजना के तहत नगर के आदर्श स्कूल में साईकिलों का वितरण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बुधवार को स्थानीय शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी नि शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 29 छात्रों को नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा एवं नपा सभापति सुरेन्द्र गुर्जर की मौजूदगी में निशुल्क साईकिलो का वितरण किया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वही स्कूलों में बेहतर सुविधाएँ, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी को आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा आर्थिक या सामाजिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में नपा सभापति गुर्जर ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने गुरुजनों का सम्मान करें, नियमित अध्ययन करें,अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँ और बड़े सपने देखने का साहस रखें। आज का आपका परिश्रम ही कल आपकी सफलता का आधार बनेगा। कार्यक्रम में प्राचार्य एस के मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक सहित स्कूल स्टॉफ के सदस्य एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## नुक्कड़ नाटक कठपुतली के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा गाडरवारा शहर में नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कन्या शाला विद्यालय, पुत्रीशाला विद्यालय, बीटीआई विद्यालय एवं रेलवे स्टेशन गाडरवारा में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा नशा छोड़ने का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रमों में विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमजन ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभाग द्वारा ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## ग्राम लिलवानी में शुद्ध पेयजल की सप्लाई को लेकर 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खंड चांवरपाठा के ग्राम लिलवानी में संचालित नल-जल योजना को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये बताया है कि ग्राम में नल-जल योजना का कार्य सुचारू रूप से प्रगति पर है तथा ग्रामीणों को नियमित रूप से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग के अनुसार योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने एवं जोड़ने के साथ-साथ घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक योजना का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ग्राम में पेयजल आपूर्ति भी प्रारंभ हो चुकी है। पूर्व में निर्मित पानी की टंकी की मरम्मत, सफाई एवं क्लोरीनेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, जिससे वर्तमान में ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्राम में कहीं भी गंदे पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वाल्व चेंबर सहित कुछ छोटे-छोटे कार्य शेष हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राम लिलवानी में ग्रामीणों को गंदा पानी मिलने संबंधी जानकारी तथ्यात्मक नहीं है। योजना निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार संचालित है तथा शेष कार्य पूर्ण होने के बाद सभी हितग्राहियों को बेहतर एवं नियमित पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी।

## बिना नम्बर के चल रहे सैकेडों टैक्ट्रर से दुर्घटना की बनी आशंका

**नांदनेर/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रशासन द्वारा क्षेत्र के अनेक जगहों पर चैकिंग प्यांट लगाकर वाहनों की चैकिंग तो की जा रही है, मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा ऐसे वाहनों को नजर अंदाज किया जा रहा है जो वर्षो से बगैर नम्बर प्लेट के दौड़ रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ट्रेक्टर क्षेत्र में रेत, मुरूम का अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है, एक तरफ जहां कभी कभी विभाग द्वारा इस ओर कार्रवाई की जा रही है, वही अवैध उत्खनन करने वाले अपने उत्खनन के दौरान अधिकांशत रेत कोरोबारी उन ट्रेक्टरों को उपयोग में ला रहे है जिनमें नम्बर नही लिखा हुआ है, इस प्रकार से बगैर नम्बरों के टेक्ट्ररों से ढुलाई कराने के चलतें जहां एक तरफ राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है। वही इस पर अभी तक आर टी ओ विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने कारण इन टेक्टर वालों के हौसले बुलंद है, क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से सैकड़ो ऐसे ट्रेक्टर बगैर नम्बर चल रहे है, जिनमें देखा जावे तो अधिकांश अवैध उत्खनन के कार्य में संलिप्त है? टैक्टरों में जहां एक तरफ बिना नम्बर होने के चलते दुर्घटना के बाद इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है, वही अवैध उत्खनन के समय छापे के दौरान टेक्टर चालकों और मालिकों के भाग जाने से अवैध उत्खनन करने वालों की जानकारी भी आसानी से नही मिल पाती है? संबंधित विभाग की लापरवाही के चलतें जहां क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से दौड़ रहे उनके खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, क्योंकि इस समय यह भी देखा जा रहा है कि ट्रेक्टर चालको द्वारा रात के समय ट्रेक्टर का उपयोग करते समय सामने का एक ही लाईट चालू किया जाता है जिससे सामने आने वाला व्यक्ति उसे दो पाहिया वाहन समझकर साईड देता है और वह दुघर्टना ग्रस्त हो जाता है। अतः शासन प्रशासन से मांग की जाती है कि बगैर नम्बर तथा एक लाईट व बगैर लाईट के टैक्टरों के खिलाफ एक मुहित के तहत कार्यवाही की जावें।

## आखिर क्यों किया जा रहा है शासन प्रशासन द्वारा करोड़ों की शासकीय संपत्ति को नजरअंदाज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में कुछ शासकीय इमारते ऐसी है जिनकी प्रशासन द्वारा उपेक्षा और उनके रख रखाब करने की अनदेखी की बजह से वे बदहाल होती चली जा रही है, इन जर्जन इमारतों का बारिश में ढहने का खतरा रहने के बाबजूद प्रशासन हरकत में नही आता जिसके कारण आंधियों, बारिश झेलने के बाद ये कीमती इमारते या तो खुद टूटने लगती है या फिर उनकी निर्माण सामग्री चोरी होने का सिलशिला शुरू हो जाता है जिसकी सच्चाई नगर में जहां तहां बनी हुई शासकीय इमारतों के बदहाल होने की स्थिति में दिखाई पड़ रही है? जानकारी के अनुसार नगर के पलोटन गंज में बना हुआ पुराना जनपद भवन व कृषि कार्यालय भवन, पुलिस लाईन में बने पुलिस कर्मियों के क्वार्टर, पुलिस की पुरानी चौकी परिसर मं बने आरक्षकों के आवास, आवकारी विभाग का भवन तथा शासकीय अस्पताल के पास स्थित टी वी वार्ड सहित अन्य कुछ शासकीय कार्यालयों में अंग्रेजो के जमाने में निर्मित भवनों की हालत शोचनीय होती चली जा रही है। गौरतलब है कि नगर के पलोटन गंज इलाके में बने हुए कृषि विभाग और पुराने जनपद



भवन को समय की मार पहले जर्जर कर दिया था, जिसके चलते वह खंडहर हो चुका है। इस तरह कभी गुलजार रहने वाला जनपद भवन तो पूर्ण रूप से खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के स्वामित्व में आने वाले उक्त बेशकीमती भवन के खपरे, सागौन की लकड़यि सहित अन्य सामगी्र गायब हो चुकी है तथा शेष रही भी लगातार गायब होती चली जा रही है तथा उसके भीतरी भाग में भीषण गंदगी व्याप्त होने के कारण जहरीली कीड़े जन्म ले रहे है। इस हालत में पड़े हुए शासकीय भवनों को लेकर लोगों का कहना है कि पलोटन गंज का जनपद भवन कब ढहने की कगार पर आ जाए इसकी कल्पना नही की जा सकती है? वही लोगों कहना है कि यदि प्रशासन अपनी इस बेशकीमती संपत्ति को लेकर अच्छी सोच बनाये तो निश्चित ही यहां पर काम्पलेक्स सहित अन्य चीजों का निर्माण हो सकता है जिससे शासन को आये होने के साथ बेरोजागरो के लिए आय का साधन साबित हो सकता है? मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते सह सब हो पाना मुश्किल ही जान पड़ रहा है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा**
**जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**इश्तहार सूचना**

क्रमांक/826/राजस्व शाखा/न.पा.प./2026
गाडरवारा, दिनांक 21/07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामातंरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक 21/07/2026 से 15 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेगी।

प्र.क्र.180/26-27 व आवेदन दिनांक 7/07/2026
वार्ड का नाम विवेकानंद वार्ड
मकान/प्लाट - मकान
सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम- ई रजिस्ट्री खसरा नकल
हस्तांतरण कर्ता का नाम- नगीनचंद आ. कपूरचंद कोचर
हस्तातरिणी का नाम- श्रीमती संगीता W/O संतोष लमानिया

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाडरवारा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गाडरवारा**
**जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**इश्तहार सूचना**

भवन/प्लाट नामांतरण सूचना वर्ष 2026-27
क्रमांक/844/राजस्व शाखा/न.पा.प./2026
गाडरवारा, दिनांक 22/07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर नामातंरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु आज दिनांक 22/07/2026 से 15 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित अपत्तियाँ मान्य नही की जावेंगी।

प्र.क्र. - 80/26-27 व आवेदन दिनांक 21/05/2026 वार्ड का नाम- इंदिरा वार्ड
मकान/ प्लाट - प्लाट
सम्पत्ति हस्ता. का माध्यम- ई रजिस्ट्री +खसरा नकल
हस्तांतरण कर्ता का नाम- किरण, राकेश कुमार तिवारी
हस्तातरिणी का नाम- श्रीमती रिश्की W/O पंकज कौरव

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गाडरवारा**

**खबर संक्षेप**

## सांसद प्रतिनिधि ने उठाई जर्जर सड़क का मुद्दा, एसईसीएल को सौंपा ज्ञापन



**राजनगर।** राजनगर से झिरियाटोला राष्ट्रीय राजमार्ग-43 तक जाने वाले जर्जर सड़क मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी आवाज बुलंद कर दी है। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर सड़क की शीघ्र मरम्मत, चौड़ीकरण तथा दोनों ओर साइड शोल्डर निर्माण की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई 2026 को राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि ने इस सड़क की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद इस महत्वपूर्ण मार्ग की समस्या को लेकर पहल तेज हो गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि एसईसीएल द्वारा वर्षों पहले निर्मित राजनगर 5-6 इंकलाइन से झिरियाटोला तक का मार्ग लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और दोनों ओर के साइड शोल्डर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को हर दिन जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कहा कि यह सड़क बनगवां (राजनगर) को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से छत्तीसगढ़ सहित आसपास के कई गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क की तत्काल मरम्मत, आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण और मजबूत साइड शोल्डर का निर्माण जनहित एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में एसईसीएल प्रबंधन से मांग की गई है कि आमजन की सुरक्षा और सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द सड़क सुधार कार्य शुरू कराया जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। ज्ञापन की प्रतिलिपि शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद तथा अनूपपुर कलेक्टर को भी आवश्यक कार्रवाई एवं जानकारी के लिए भेजी गई है। हरिभूमि द्वारा उठाए गए इस मुद्दे के बाद अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वर्षों से उपेक्षित इस महत्वपूर्ण सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाएगी।

## नगर पालिका की लापरवाही से किसानों की धान नर्सरी बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** नगर पालिका अनूपपुर की लापरवाही का खामियाजा वार्ड क्रमांक-1 के किसानों को भुगतना पड़ रहा है। त्रिमूर्ति माड़यिा रोड क्षेत्र में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी और कचरा किसानों के खेतों में भर गया, जिससे धान की तैयार की गई नर्सरी को भारी नुकसान पहुंचा है। फसल को बचाने के लिए किसान आखिरकार खुद ही फावड़ा लेकर नालियों की सफाई करने को मजबूर हो गए। स्थानीय किसानों का आरोप है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। बारिश के दौरान नालियों का गंदा पानी सीधे खेतों में पहुंच रहा है, जिससे धान की नर्सरी नष्ट हो रही है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड क्रमांक-1 नगर पालिका अध्यक्ष का वार्ड होने के बावजूद यहां की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। नालियों की सफाई और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी से लोगों में नगर पालिका के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। किसानों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है।

# आज पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



**शहपुरा।** नगर में बुधवार को पहली बार इस्कॉन संस्था एवं नगरवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।रथ यात्रा का शुभारंभ नगर की प्राचीन देवी मढ़िया मंदिर से होगा, जहां भगवान का पूजन-अर्चन एवं छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र को सुसज्जित रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। रथ यात्रा देवी मढ़िया से प्रारंभ होकर बटौंधा चौराहा, मुख्य मार्ग, जनपद मार्ग, उमरिया नाका होते हुए शहीद स्मारक पहुंचेगी। इसके बाद यात्रा शिव शक्ति चौक स्थित साहू समाज के प्राचीन मां कर्मा देवी शिव मंदिर में पहुंचेगी, जहां विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।आयोजन समिति के अनुसार रथ यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच निकलने वाली इस पहली रथ यात्रा को लेकर नगरवासियों में उत्साह का माहौल है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**डिंडौरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण करने और निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर भी जोर दिया।बैठक में 31 जुलाई को प्रस्तावित प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन की वीडियो कॉन्फ्रेंस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को आवश्यक जानकारी अद्यतन रखने, विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर की समीक्षा बैठक में सभी विभाग पूरी तैयारी के साथ शामिल हों और आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं।बैठक में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान में पूर्व मरीजों ने साझा किए अनुभव, पुलिस और डायल-112 के सहयोग की सराहना

**डिंडौरी।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में संचालित "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान के तहत बुधवार को यातायात थाना परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिव्य ज्योति सोशल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित शिवनिल नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त हो चुके पूर्व मरीजों ने अपने अनुभव साझा करते हुए नशे से होने वाले दुष्परिणामों और उपचार के बाद जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी।पूर्व मरीजों ने बताया कि नशे की लत के कारण उनका पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन प्रभावित हो गया था। शिवनिल नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में चिकित्सकीय उपचार, काउंसलिंग, योग, ध्यान, समूह चर्चा और अनुशासित दिनचर्या के माध्यम से उन्हें नशे की लत से बाहर निकलने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपचार के बाद वे सामान्य और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं तथा कई लोग रोजगार और स्वरोजगार से भी जुड़ चुके हैं।कार्यक्रम में पूर्व मरीजों ने डायल-112 एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस नशे से प्रभावित लोगों और उनके परिजनों को काउंसलिंग के माध्यम से उपचार के लिए प्रेरित करती है। कई मामलों में पुलिस ने मरीजों को नशा मुक्ति केंद्र तक पहुंचाने और भर्ती प्रक्रिया में भी सहयोग किया, जिससे अनेक लोगों को नया जीवन मिला।इस दौरान लोगों से अपील की गई कि यदि परिवार या आसपास का कोई व्यक्ति नशे की समस्या से जूझ रहा हो तो उसे छिपाने के बजाय समय रहते शिवनिल नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में उपचार एवं परामर्श के लिए भेजें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नागपुरे, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उइके, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिवनिल नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की रितु सेन, देवराज कछवाहा, बच्चूनाथ चौहान, अजय ठाकुर सहित नशा मुक्त हो चुके पूर्व मरीज उपस्थित रहे। इसी क्रम में शिवनिल नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरगहना में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधियों, केंद्र के सदस्यों, विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनजागरूकता अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को उपचार एवं परामर्श से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

# शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**अमरपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर ने देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक की घटनाओं तथा छात्र-छात्राओं के विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उप तहसील कार्यालय अमरपुर पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन को ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के प्रदर्शन के दौरान की गई कार्रवाई तथा छात्र-छात्राओं के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, ब्लॉक उपाध्यक्ष शकील अहमद, ब्लॉक संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हेमंत हरदहा, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग शहपुरा विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती, अमरपुर मंडलम अध्यक्ष संदीप शाह परस्ते, मंडलम अध्यक्ष गणेश पुषाम, प्रदीप वनवासी, प्रशांत ठाकुर, रामराज ठाकुर, सुदीप बर्मन, कमलेश विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## MY Bharat की प्रतियोगिताओं में युवाओं को मिलेगा जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर, पंजीयन 27 जुलाई तक




**डिंडोरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित MY Bharat (मेरा युवा भारत) के "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" अभियान के तहत जिले के युवाओं के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त भारत के संदेश से जोड़ते हुए उनकी प्रतिभा को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर उपलब्ध कराना है।अभियान के अंतर्गत रील निर्माण, लघु फिल्म, संगीत एवं रैप, स्लैम पोएट्री (स्पोकन वर्ड), विषय आधारित नृत्य, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन तथा चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यक्तिगत अथवा समूह के रूप में भाग ले सकेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा कला, साहित्य, संगीत, रंगमंच और डिजिटल माध्यमों के जरिए सामाजिक परिवर्तन का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर तथा राज्य स्तर के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपने जिले और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।प्रतियोगिताओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 जुलाई 2026 तक किए जा सकेंगे, जबकि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 29 जुलाई 2026 को प्रस्तावित है। इच्छुक युवा निर्धारित समय-सीमा के भीतर MY Bharat पोर्टल पर पंजीयन कर अपनी प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतियोगिताओं से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं पात्रता की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है।

जिला युवा अधिकारी, MY Bharat, डिंडोरी ने जिले के युवाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा मंडलों, स्वयंसेवी संगठनों, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं कलाकारों से अधिकाधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अपील की है। उनका कहना है कि यह अभियान युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश देने का भी सशक्त मंच प्रदान करेगा।पंजीयन एवं अन्य जानकारी के लिए जिला युवा अधिकारी, MY Bharat, डिंडोरी के अलावा आर.पी. कुशवाह (मो. 9340526200), देवेंद्र बरमन (मो. 9752346905), लक्ष्मण चंदेल (मो. 9179075812) तथा तन्मय जैन (मो. 9630706970) से संपर्क किया जा सकता है। साथ ही जिले के प्रत्येक विकासखंड में MY Bharat के स्वयंसेवक भी युवाओं को पंजीयन और प्रतियोगिता संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगे।




## स्वैच्छिकता पर्व के तहत मेंटर्स की बैठक, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में किया पौधारोपण

**अमरपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत अमरपुर स्थित जन अभियान परिषद कार्यालय (ग्राम पंचायत भवन) में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं (मेंटर्स) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी गतिविधियों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे उपस्थित रहे।बैठक के बाद अधिकारियों एवं परामर्शदाताओं ने नवांकुर संस्था बाल विकास विद्या मंदिर का निरीक्षण किया। इसके उपरांत अमरपुर एवं देवरी में विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहभागिता और स्वैच्छिकता की भावना के साथ प्रत्येक ग्राम में अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना चाहिए। उन्होंने परामर्शदाताओं से अपने-अपने सेक्टर के गांवों में छात्र-छात्राओं एवं समिति कार्यकर्ताओं के सहयोग से पौधारोपण कराने तथा पौधों के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में परामर्शदाता राधेश्याम वनवासी, तिलक सैयाम, लाल सिंह ठाकुर, मनोज कुमार तंतुवाय तथा नवांकुर संस्था के राकेश कुमार मरावी, अरविंद कुमार यादव और गणेश केवर्थ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



**डिंडौरी।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को कलेक्टर सभागार में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वार्डवासियों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों और सफाई कर्मियों को नगरीय क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के संबंध में जानकारी दी गई।कलेक्टर ने नागरिकों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाकर गीले, सूखे, सेनेटरी एवं अन्य विशेष प्रकार के कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई, जुर्माना एवं कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए।कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छता संबंधी अधिसूचनाओं का समाचार पत्रों सहित विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा चुका है। साथ ही नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक करने और उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध समय-समय पर कार्रवाई भी की जा रही है।

बैठक में शहर के सभी गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट समाप्त करने की कार्ययोजना, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता दल के गठन, आरआर सेंटरों के संचालन में स्व-सहायता समूहों की भागीदारी तथा शहर विकास योजना के अंतर्गत वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इसके अलावा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, एमआरएफ सेंटर में कचरे के प्रसंस्करण, वैज्ञानिक लैंडफिल व्यवस्था विकसित करने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कार्यशाला में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रामवती पति सेवासिंह उम्र 36 वर्ष जाति बंजारा निवासी ग्राम बालपुर रैयत थाना शाहपुर तहसील व जिला डिण्डौरी म.प्र. की शपथपूर्वक करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। मेरे पुत्र विनोद कुमार बंजारा के नाम से पूर्व में आधारकार्ड संख्या 91579164 0281 जारी किया गया है किन्तु उक्त आधारकार्ड में मेरे पुत्र के नाम के साथ सरनेम बंजारा जोड़ दिया गया है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेज, समग्र आई डी. जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजो में विनोद कुमार अंकित है। मेरे पुत्र विनोद कुमार के आधारकार्ड में गलत नाम विनोद कुमार बंजारा के स्थान पर विनोद कुमार दर्ज कर सुधार किये जाने हेतु स्वयं का शपथपत्र निष्पादित कर रही हूँ। इस शपथपत्र के आधार पर मेरे पुत्र के आधारकार्ड में गलत नाम विनोद कुमार बंजारा के स्थान पर विनोद कुमार दर्ज किया जाये जो कि सत्य एवं सही है।

## जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

# ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर




। जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने के लिए 18 से 24 जुलाई 2026 तक जनपद पंचायत परिसर नरसिंहपुर परिसर में स्थित ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यापक रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि जनगणना से जुड़े कार्यों को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संपादित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान डीसीएचबी के अंतर्गत जिले के प्रत्येक गांव एवं नगर से संबंधित जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक तथा आधारभूत संरचना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के संकलन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया। यह समस्त कार्य डिजिटल माध्यम, विशेष रूप से मोबाइल एप के जरिए संपादित किया जाएगा, जिससे डेटा संकलन में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।

### पोर्टल एवं मोबाइल एप का उपयोग

प्रशिक्षणार्थियों को डीसीएचबी पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका तैयार करने, आंकड़ों के सत्यापन तथा समयबद्ध अपलोडिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, ग्राम एवं नगरीय प्रोफाइल तैयार करने, आंकड़ों के संकलन एवं उनके भौतिक सत्यापन के संबंध में भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में पोर्टल पर लॉगिन, ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि, त्रुटि सुधार तथा प्रोफाइल सबमिशन की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को कार्य की व्यवहारिक समझ विकसित हो सके और वे निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कर सकें। प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किया जाना है, अतः इसमें किसी प्रकार का विस्तार संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 17 अधिकारियों को नोटिस, 32 पर जुर्माना

मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन 181 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में शासन स्तर से जारी मासिक जिला रैंकिंग में जून 2026 के लिए नरसिंहपुर जिले को 78.51 अंक प्राप्त हुए हैं। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देश पर जिले में निम्न प्रदर्शन करने वाले सी एवं डी श्रेणी के 17 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की 67 अनिराकृत शिकायतों के संबंध में जवाबदेही तय करते हुए 32 अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध जुर्माना अधिरोपण की कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके तथा जिले की रैंकिंग में भी अपेक्षित सुधार हो।



### कचरा संग्रहण, पृथक्करण एवं सुरक्षित निपटान के निर्देश

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जनसुनवाई हॉल नरसिंहपुर एवं जनपद पंचायत गोटेगांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नरसिंहपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने ग्राम पंचायतों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सभी प्रावधानों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं जनपद पंचायत गोटेगांव में ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम स्तर पर घर-घर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण, वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। सीईओ जिला पंचायत श्री नागेश ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार कर उसका तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

## बारिश के दौरान अचानक बंद हुआ झूला, फंसे रहे दो बच्चे



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीते दिवस नगर के जनपद मैदान में लगाई गई प्रदर्शनी न्यू आनंद मेले में झूला बंद हो जाने से दो बच्चे कुछ समय के लिए ऊंचाई पर ही फंस गए। तेज बारिश के दौरान अचानक झूला रोके जाने से बच्चों के परिजनों और उपस्थित लोगों में चिंता का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिपटापार निवासी 13 वर्षीय अर्पित राय अपने 15 वर्षीय साथी राम के साथ बड़े झूले पर बैठा था। जब दोनों बच्चे झूले के ऊपरी हिस्से पर थे, तभी अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश को देखते हुए झूला कर्मचारियों ने संचालन बंद कर दिया, जिससे दोनों बच्चे काफी देर तक ऊंचाई पर ही अटके रहे। बच्चों को नीचे न उतारे जाने पर अर्पित ने अपने मामा राजा राय को फोन कर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद संचालक द्वारा उन्हें नीचे उतारा गया। इस घटना के बाद परिजनों ने मेले में सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। पीड़ित बच्चे के मामा राजा राय ने कहा कि मेले में मुख्य रूप से छोटे बच्चे आते हैं, इसलिए समिति को सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बच्चों का इतनी देर तक ऊंचाई पर फंसे रहना बड़ी लापरवाही है और मेला समिति को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।

## केन्द्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग, किया विरोध प्रदर्शन




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सुभाष पार्क चौराहे के पास छात्र-छात्राएं दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं के समर्थन में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। यहां पर धरना देकर दिल्ली में हुए लाठी चार्ज की निंदा करते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग की। साथ ही सुभाष पार्क से लेकर मुशरन पार्क तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पेपर लीक मामले में सरकार की नीतियों को दोषी बताया गया और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा की मांग की गई। छात्र-छात्राओं ने कहा कि दिल्ली में छात्र-छात्राओं के साथ बदसलूकी की, अभद्रता और बेरहमी से पिटाई की गई है वह निंदनीय है। इस विरोध प्रदर्शन से जुड़े आर्यन पाली, अंश नेमा ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्रा बड़ी संख्या में शामिल रहे। इन छात्रों ने कहा कि सोनम वांगचुक हम सबके लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे हमारे लिए प्रेरणादायक है। उक्त प्रदर्शन में प्रतीक्षा पटेल, आदित्य पाली संजय राजपूत, रणवीर पचैरी, देव वासवानी , प्रज्वल मेहरा, फरहान कुरैशी, शुभा नेमा, निकी ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्र शामिल हुए।

### सगौरिया के जैन मंदिर में चोरी, प्रतिमाएं ले गए चोर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के करेली थाना क्षेत्र के ग्राम सगौरिया स्थित प्राचीन जैन मंदिर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाश मंदिर का ताला कटर से काटकर भीतर घुसे और वहां विराजित करीब 18 अष्टधातु की प्रतिमाएं चोरी कर ले गए। चोरी हुई प्रतिमाओं में भगवान महावीर स्वामी सहित अन्य जैन तीर्थंकरों की प्रतिमाएं शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही करेली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड तथा फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इसके साथ ही मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# सूदखोरी के मामले को लेकर की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली के तिंदनी रोड निवासी दुर्गेश मेहरा ने पुलिस अधीक्षक के नाम शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया कि वर्ष 2020 में अपने मकान की मरम्मत और पक्के निर्माण के लिए परिचित नरेंद्र कुमार लोधी से उधार राशि ली थी आरोपी नरेंद्र कुमार लोधी ने मजबूरी का फायदा उठाते हुए बिना राशि व दिनांक लिखे दो खाली चेक (अमांती तौर पर)



अपने हस्ताक्षर के साथ बैंक खाते के ले लिए और 2 प्रतिशत ब्याज की शर्त रखी।

पीड़ति ने फोन-पे और बैंक ट्रांसफर के जरिए मूलधन और ब्याज समेत पूरी राशि वापस चुका दी थी, यहाँ तक कि उसका कर्ज पूरी तरह समाप्त हो चुका था. इसके बावजूद आरोपी द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज का हिसाब लगाते हुए और 20,000 रुपये नगद की मांग की जाने लगी। पीड़ति का आरोप है कि जब उसने अतिरिक्त पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने उसके अमानती चेक का दुरुपयोग कर न्यायालय में चेक बाउंस का केस डलवा दिया। हालांकि, मामला प्रीमेच्योर (समय से पूर्व) पाए जाने पर 13 दिसंबर 2025 को लोक अदालत में आरोपी ने वह प्रकरण वापस ले लिया था। लेकिन पुनः अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा और दूसरे चेक (क्र. 00027) का इस्तेमाल कर 2,80,000 रुपये का एक और फर्जी चेक बाउंस प्रकरण सक्षम न्यायालय में दर्ज करवा दिया, जबकि पीड़ति दिल्लीपत पटैल को जानता तक नहीं है. पीड़ति के पास आरोपियों के बीच हुई फोन बातचीत की रिकॉर्डिंग भी है, जिसमें यह कबूला गया है कि यह पूरा खेल नरेंद्र कुमार लोधी के कहने पर किया गया है। पीड़ति ने इस संबंध में गत 06 अप्रैल 2026 को ही थाना कोतवाली नरसिंहपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो कोई एफआईआर दर्ज की और न ही कोई ठोस कदम उठाया। पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है।



## धरना देकर कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** बीती रात कांग्रेसजनों द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजनों ने दिल्ली के जंतर मंतर मैदान एवं छात्रों के साथ की गई मारपीट का विरोध करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गिरफ्तार कर लिया गया था उनकी रिहाई को लेकर धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आपदा से पहले तैयारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में 7 दिवसीय 'आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले बैच के 160 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जबकि कुल 500 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर रजनी सिंह ने कहा कि आपदा से पहले की तैयारी ही सबसे बड़ी सुरक्षा होती है। उन्होंने बताया कि आपदा किसी भी समय और कहीं भी आ सकती है, ऐसे में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित युवा 'फर्स्ट रिस्पांडर' के रूप में सबसे पहले राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## विशाल शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ



**तेंदूखेड़ा** भगवान बांके बिहारी की महती कृपा और पूर्वजों के आर्शीवाद से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन चल रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते क्षेत्र के प्रतिष्ठित कोठारी परिवार द्वारा भगवान योगेश्वर के पावन धाम वृन्दावन में क्षेत्र के विशिष्ट विद्वान पंडित प्रमोद पचोरी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्रीगणेश विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ।20जुलाई से 26जुलाई तक चलने वाली इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।

## सीमांकन आदेश में खसरा गायब, किसान कलेक्टर के दरबार में



**गोटेगांव।** राजस्व विभाग की कथित लापरवाही से एक किसान को सीमांकन के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्राम गाढाघाट निवासी रामकृष्ण पटेल ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर अपनी भूमि खसरा नंबर 10/2 का नियमानुसार सीमांकन कराने की मांग की है।रामकृष्ण पटेल ने बताया कि मौजा गाढाघाट, पटवारी हल्का नंबर 53 स्थित उनकी भूमि का मशीन से सीमांकन कराया गया था। सीमांकन के दौरान तैयार पंचनामे में भी खसरा नंबर 10/2 का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद नायब तहसीलदार वृत्त श्रीनगर, तहसील गोटेगांव द्वारा जारी सीमांकन आदेश में खसरा नंबर 10/2 शामिल नहीं किया गया।आवेदक का कहना है कि इस त्रुटि के कारण उनकी भूमि का सीमांकन अधूरा रह गया है, जिससे उन्हें लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मामले की जांच कर खसरा नंबर 10/2 का नियमानुसार सीमांकन कराने की मांग की है।

# महिला इकाई की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला इकाई तेंदूखेड़ा द्वारा अग्रवाल भवन में समाज की सभी बहनों तथा जिला संगठन मंत्री सुजाता अग्रवाल नगर अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल समिति के सभी निर्वाचित सदस्यों ने मिलकर महालक्ष्मी जी तथा 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी का पूजन अर्चन तथा आरती की सभी बहनों ने मिलकर सुहागा का आयोजन बड़ी धूमधाम से उत्साह पूर्वक सभी कार्यक्रमों में समाज की सभी बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



## विभिन्न समस्याओं को लेकर भीम आर्मी ने ज्ञापन सौंपा

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एस डी एम तेंदूखेड़ा को सौंपा गया जिसमें तेंदूखेड़ा में संचालित शासकीय महाविद्यालय में विषय बढ़ाये जाने की मांग रखी गई। यहां पर बी ए विषय ही संचालित है।अन्य विषय बी एस सी और कामर्श विषय भी संचालित हो। यहां के छात्रों को उक्त विषयों के लिए बाहर जाना पड़ता है।इस महाविद्यालय में सागर रायसेन पड़ोसी जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के छात्र छात्राएं भी यहां पढ़ने के लिए आते हैं। तथा रसोई गैस सिलेंडर वर्तमान में 45 दिनों में मिलने से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।इसे घटाकर 20 दिन किया जाना चाहिए।नल जल योजनाओं के माध्यम से पेयजलापूर्ति नियमित नहीं है और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी अनियमितताएं बरती गई है।जिसका समय रहते सुधार किया जाना चाहिए। यदि एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो भीम आर्मी द्वारा वृहद स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# खाकी पर दाग: टीआई पर मारपीट-वसूली का आरोप, युवक 48 घंटे से लापता

### सीसीटीवी से दूर कोठरी में पिटाई, 4 लाख की डिमांड, कलेक्टर से हुई शिकायत

नरसिंहपुर।

गोटेगांव थाना प्रभारी पर वर्दी की मर्यादा तार-तार करने का आरोप लगा है। चाय की दुकान से उठाकर लाए गए एक युवक को थाने की कोठरी में बंद कर बेरहमी से पीटा गया। 17 हजार रुपये और मोबाइल छीनने के बाद 4 लाख की मांग की गई। इसके बाद से युवक 48 घंटे से गायब है।मामला सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।आजाद वार्ड निवासी चन्द्रिका राय ने सोमवार को कलेक्टर जनसुनवाई में सनसनीखेज शिकायत सौंपी। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को बेटा दीपक राय अनुपम मॉल के सामने चाय पी रहा था। तभी गोटेगांव थाना टीआई अपने 4 साथियों के साथ पहुंचे और दीपक को धक्के मारकर पुलिस वाहन में ठूंसकर थाने ले गए।शिकायत के मुताबिक थाने के पीछे बनी पुरानी कोठरी, जो सीसीटीवी की जद से बाहर है, वहां ले जाकर दीपक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। जेब में रखे 17,000 रुपये और मोबाइल भी पुलिसकर्मियों ने रख लिए।पिता का आरोप है कि जब वे बेटे को छुड़ाने पहुंचे तो पुलिस ने साफ मुकर दिया। रात 10 बजे कोरे स्टांप पर दस्तखत कराकर 4 लाख रुपये मांगे गए। दूसरे दिन फिर बुलाकर रकम न देने पर ₹झूठे केस में फंसा देंगे₹ की धमकी दी गई।18 जुलाई से दीपक घर नहीं लौटा। परिजन दर-दर भटक रहे हैं। इसके पहले भी पूर्व में थाना प्रभारी गोटेगांव प्रदीप सराफ की कारगुजारियों पर सवाल उठने के साथ-साथ यह पैसे लेनदेन वसूली के



आरोप पहले भी लग चुके हैं जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर को की थी लेकिन आज दिनांक तक थाना प्रभारी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है सवाल यहां खड़ा होता है कि जब लगातार सुर्खियों में थाना गोटेगांव प्रभारी पर लगातार आरोप लग रहे हैं तो फिर कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं पुलिस प्रशासन के खिलाफ बड़े सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं आखिर इन थाना प्रभारी के ऊपर किन की मेहरबानी है जो इतनी शिकायत होने के बाद और सीधे आरोप लगे के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है! अब सवाल उठ रहा है कि लगातार आरोपों के बाद भी गोटेगांव टीआई पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? किसका संरक्षण मिला हुआ है?चन्द्रिका राय ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और बेटे को सुरक्षित बरामद करने की मांग की है।

**इनका कहना...**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, शिकायत मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।
**एडिशनल एसपी**